राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR**

पत्र संख्या–पं0नि0 30–46/2024 3878

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
सीतामढ़ी।

पटना, दिनांक– 21.10.24

**विषयः– प्रखण्ड सुप्पी ग्राम पंचायत हरपुर पिपरा के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।**

**प्रसंगः– आपका पत्रांक 2655 दिनांक 19.09.2024**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा **प्रखण्ड सुप्पी ग्राम पंचायत हरपुर पिपरा के उप मुखिया** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु आयोग को प्रेषित प्रतिवेदन/प्रस्ताव पर समीक्षोपरान्त पाया गया कि अविश्वास प्रस्ताव संबंधी बैठक की कार्यवाही में 12 सदस्यों की उपस्थिति दर्ज है परन्तु बैठक की कार्यवाही में मतदान में भाग लेने वाले सदस्यों की संख्या 14 दर्शाया गया है तद्नुसार मत–विभाजन अंकित है। कुल 14 में से 13 सदस्यों का तामिला संलग्न है एवं 01 सदस्य का तामिला संलग्न नहीं है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि स्थिति स्पष्ट करते हुए स्पष्ट प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। ताकि संदर्भित रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु तिथि निर्धारित की जा सके।

विश्वासभाजन,
21/X/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं0नि0 30–46/2024– 3878 पटना, दिनांक – 21.10.24

प्रतिलिपि : आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/X/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

21.10.24

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com secbihar@gmail.com